राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अधीन निम्नलिखित सेवाओं के विकास के लिए भारत सरकार को डानिडा से विदेशी सहायता मिल रही है :—

1. निगरानी और मूल्यांकन
2. राज्य मुख्यालय में नेत्र चिकित्सा कक्ष
3. केन्द्रीय/जिला मोबाइल यूनिटें
4. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए उपकरण
5. स्वास्थ्य शिक्षा सामग्री

उपर्युक्त मदों पर किया गया खर्च इस कार्यक्रम के लिए रखे गये योजना प्रावधानों में से पूरा किया जाता है और डानिडा द्वारा इसकी वार्षिक प्रतिपूर्ति की जाती है ।

सतना से सीटों का कोटा

739. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार वाराणसी एक्सप्रेस और हावड़ा मेल में सतना से कुछ सीटों के कोटे का आरक्षण करने का विचार रखती है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : सतना स्टेशन को वाराणसी एक्सप्रेस और हावड़ा मेल गाड़ियों में निम्नलिखित कोटा प्रदान किया गया है :—

गाड़ियां	पहला दर्जा	दूसरा दर्जा
27 डाउन वाराणसी एक्सप्रेस	—	2 सीटें
28 अप वाराणसी एक्सप्रेस	—	बम्बई के लिए 3 शायिकाएं सूरत के लिए एक शायिका
3 अप कलकत्ता-	2 शायिकाएं	7 शायिकाएं
4 डाउन बम्बई-कलकत्ता मेल	3 शायिकाएं	7 शायिकाएं

इसके अलावा सतना को 1-6-1986 से 28 अप वाराणसी एक्सप्रेस में पहले दर्जे की दो शायिकाओं का कोटा आबंटित किया जा रहा है ।

दिल्ली-राजुरा-जगदलपुर रेलवे लिंक का सर्वेक्षण

740. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली-राजुरा-जगदलपुर रेल लिंक के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया गया है;

(ख) क्या यह सर्वेक्षण पूरा हो चुका है;

(ग) इस रेल मार्ग का निर्माण कार्य कब से प्रारंभ होने की संभावना है; और

(घ) क्या सरकार इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि यह एक आदिवासी पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, इस लाइन के निर्माण को प्राथमिकता देने का विचार रखती है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिन्धिया) : (क) और (ख) 1973-74 में सर्वेक्षण किया गया था । सर्वेक्षण को अद्यतन करने का काम अब शुरू किया गया है ।

(ग) और (घ) सर्वेक्षण पूरा हो जाने पर आगे कार्रवाई की जायेगी जो परियोजना के वित्तीय फलितार्थ और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगी ।

परासिया-छिंदवाड़ा मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदला जाना

741. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या परासिया-छिंदवाड़ा मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने की सरकार की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में किए गए सर्वेक्षण में अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) इस लाइन पर निर्माण-कार्य कब तक प्रारंभ हो जाने की संभावना है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

बिलासपुर-त्रिवेन्द्रम रेल मार्ग पर द्रुतगति की गाड़ी का चलाया जाना

742. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बिलासपुर-त्रिवेन्द्रम रेल मार्ग पर द्रुतगति की गाड़ी चलाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक चलाये जाने की संभावना है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में रेल-सेवाओं का विस्तार

743. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश का रेल मार्ग इसके प्रति वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के हिसाब से अन्य राज्यों की तुलना में कम है; यदि हां, तो इसमें बृद्धि करने के लिए क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं; और

(ख) मध्य प्रदेश के कितने जिलों में रेल-सेवाएं इस समय उपलब्ध नहीं हैं और क्या सरकार इन जिलों में रेल सेवाएं बढ़ाने के लिए कोई प्रयत्न कर रही है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) मध्य प्रदेश के प्रति 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 1.30 किलोमीटर लम्बी रेल लाइन है जबकि अखिल भारतीय औसत 1.88 किलोमीटर है । तथापि मध्य प्रदेश में प्रति एक लाख आबादी पर 11.05 मार्ग कि० मी० रेल लाइन है जो 9.03 किलोमीटर के अखिल भारतीय औसत से अधिक है । सामान्यतः नयी लाइनों का निर्माण सुनिश्चित मानदण्डों के अनुसार हाथ में लिया जाता है ।

(ख) उपलब्ध सूचना के अनुसार मध्य प्रदेश में कुल 45 जिलों में से 4 जिले ऐसे हैं जहां रेल सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं । सभी जिलों को रेल लाइन से जोड़ने की कोई नीति नहीं है ।

Festival of India

744. SHRI J. P. GOYAL: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to refer to the reply to Unstarred Question 1742 given in the Rajya Sabha on the 12th March, 1986 and state:

(a) the names of the countries where Government propose to hold Festival of India and when;

(b) whether any foreign country has offered to organise its festival in India; and

(c) if so, what are the details in regard thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE (SHRIMATI SUSHILA ROHATGI); (a) i_n USSR from June, 1987 to June, 1988. In Japan from April, 1988 to October, 1988 (tentatively).

(b) Yes, Sir.

(c) USSR will be holding their festival in India from November, 1987 to November, 1988. Japan *han* proposed to hold its festival in India in the winter of 1987, France has proposed to hold its festival in India in the winter of 1988.